बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

67वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा के कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित **तिथि 30.12.2022 को** संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे:–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी पहचान के लिए आधार कार्ड लाना सुनिश्चित करेंगे। आधार कार्ड नहीं होने पर अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा EPIC, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट इत्यादि में उक्त I.D की एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा एक अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो समर्पित करेंगे।
4. आधार कार्ड संख्या गलत दर्ज होने की स्थिति में अभ्यर्थी उपस्थिति पत्रक में सही आधार संख्या फोटो आई॰डी॰नंबर के लिए बने बॉक्स में दर्ज करेंगे।
5. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

27/12/22

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड) पटना – 800001

परीक्षा का नाम : 67वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा

घोषणा पत्र

मैं..., पिता/पति का नाम.. रजिस्ट्रेशन नं० ...., अनुक्रमांक ...., एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 30.12.2022, 31.12.2022 एवं 07.01.2023 को आयोजित **67वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा** का/की अभ्यर्थी हूँ। उक्त परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नही है। तत्सम्बन्धी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं० के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/दण्डात्मक** कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर :–   हिन्दी में

अंग्रेजी में

वीक्षक का हस्ताक्षर   **केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर**